3477 (E)
23/10/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 22/10/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा अंतर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance) Under Package No.-34B/OPRMC-III for the year 2026-33 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री संजय कुमार भारती, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–14.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2725 दिनांक–14.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिए गए निर्णय पर क्रमशः विभागीय पत्रांक–6007(ई०) दिनांक–29.08.2026 एवं विभागीय ज्ञापांक–7270(ई०) दिनांक–13.10.2026 द्वारा संसूचित परिवाद समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3563(अनु०) दिनांक–17.10.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance) Under Package No.-34B/OPRMC-III for the year 2026-33 |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | प्रमंडल का नाम | : | शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹23024.69 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹26093.60 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1720(अनु०) दिनांक–24.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹22559.25141 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा की संख्या : 06 (छः) अद्द यथा :–
(i) M/s S&P Infrastructure Developers Pvt. Ltd.
(ii) M/s Mateshwari Construction
(iii) M/s Mother India Construction Pvt. Ltd.
(iv) Hemant Kumar Singh
(v) M/s Sri Avantika Contractors (I) Limited
(vi) M/s Bekem Infra Projects Pvt. Ltd.

2.11 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा नहीं है।

2.12 विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं परिवाद समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग : प्र0–7 / निविदा–03–103 / 2026
उपभागीय ज्ञापांक–2725 दिनांक–14.08.2026
विभागीय पत्रांक–6007(ई०) दिनांक–29.08.2026
विभागीय ज्ञापांक–7270(ई०) दिनांक–13.10.2026

2.13 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त है। क्रमशः दिनांक–29.08.2026 एवं 12.10.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय पत्रांक–6007(ई०) दिनांक–29.08.2026 एवं विभागीय ज्ञापांक–7270(ई०) दिनांक–13.10.2026 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है।

3. तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का नाम एवं उनका निविदित दर निम्नरूपेण है :–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | ECV/परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत राशि (Rs.) | ECV से कम / अधिक (%) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **M/s Sri Avantika Contractors (I) Limited** | **₹2,25,59,25,141.00 (दो सौ पच्चीस करोड़ उनसठ लाख पच्चीस हजार एक सौ इकतालीस रुपये)** | **₹2,18,07,35,156.00 (दो सौ अठारह करोड़ सात लाख पैंतीस हजार एक सौ छप्पन रुपये)** | **3.33% (तीन दशमलव तीन तीन) प्रतिशत कम।** | **L-1** |
| 2. | M/s Bekem Infra Projects Pvt. Ltd. | | ₹2,23,15,61,149.00 (दो सौ तेईस करोड़ पंद्रह लाख इकसठ हजार एक सौ उनचास रूपये) | 1.08% (एक दशमलव शून्य आठ) प्रतिशत कम। | L-2 |

4. **मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का अनुशंसा (पत्रांक–3563(अनु०) दिनांक–17.10.2026) :–**

अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा का पत्रांक–2276(अनु०) दिनांक–15.10.2026 से प्राप्त विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड तुलनात्मक विवरणी विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु संलग्न कर अनुशंसा के साथ समर्पित किया जाता है।

अतः न्यूनतम दर दाता M/s Sri Avantika Contractors (I) Limited के पक्ष में कार्य आवंटन हेतु अनुशंसा की जाती है।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः–

5.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3563(अनु०) दिनांक–17.10.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा अंतर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा **Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance) Under Package No.-34B/OPRMC-III for the year 2026-33** कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार **M/s Sri Avantika Contractors (I) Limited** के द्वारा उद्धृत राशि ₹2,18,07,35,156.00 (दो सौ अठारह करोड़ सात लाख पैंतीस हजार एक सौ छप्पन रुपये) है, जो ECV की राशि से 3.33% (तीन दशमलव तीन तीन) प्रतिशत कम है, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

5.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

5.4 निविदाकार से MBD के ITB-Cl 27.5 के आलोक में निहित अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

5.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

5.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

5.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22/X/26 | 23/10/2026 | 23/10/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (संजय कुमार भारती)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–103/2026 7477(E) पटना, दिनांक 23/10/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/10/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।